हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
जिंदल विवि को मिला स्किल-बेस्ड एंड इंडस्ट्री-ड्रिवन एजुकेशन सम्मान






## खबर संक्षेप

### खारी बहार में आज लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत फरसाबहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत खारी बहार में 2 जून 2026 को शिविर लगेगी। इस शिविर में 13 गांव बाबु साजबहार, अंकिरा, भेजरीडांड, सिकिरमा, गारीघाट, झारमुण्डा, खारी बहार, कोरंगामल, लवाकेरा, फरदबहार, दलटोली, बारो एवं कोनपारा के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान हो सके।

### सुशासन शिविर में सुरेन्द्र को मिली ट्राई साइकिल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है और सामग्री वितरण भी की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पूर्णापानी के सुरेंद्र राम को सुशासन तिहार बोकी शिविर में मिला ट्राई साइकिल। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कुछ कार्यों के लिए मुझे दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन अब मैं अपने जरूरी कार्य स्वयं कर सकूंगा इसके लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### जिले की मनोरा तहसील में 9.7 मिमी बारिश

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 1.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 01 जून तक औसत वर्षा 2.5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 1.1 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1.3 मिमी, मनोरा में 9.7 मिमी, कुनकुरी में 0.0 मिमी, दुलदुला में 0.0 मिमी, फरसाबहार में 0.0 मिमी, बगीचा में 0.0 मिमी, कांसाबेल में 0.0 मिमी, पत्थलगांव में 0.0 मिमी एवं सन्ना में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

### 14 केंद्रों में 4 को होगी डीएलएड प्रवेश परीक्षा

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 जून को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। परीक्षा में कुल 4845 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को बनाया गया है। सीजी व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले 8 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के कपड़े जैसे सफेद, हल्का नीला, गहरा नीला या काला पहनकर आना होगा। पैर में सैंडल या चप्पल पहनना जरूरी है। बंद जूते, बेल्ट, पूरी बांह के कपड़े मना रहेंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं फोटो वाला पहचान पत्र साथ लाना जरूरी है। परीक्षा केंद्र में घड़ी, पर्स, थैली, दुपट्टा, टोपी, गहने, मोबाइल, कैलकुलेटर सहित किसी भी प्रकार के बिजली से चलने वाले उपकरण ले जाना सख्त मना है।

---

जिले के विभिन्न थानों में शुरू होगा व्यवहारिक प्रशिक्षण

# जशपुर पुलिस को मिले 13 नए प्रशिक्षु उप निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने प्रशिक्षु उप निरीक्षकों की विभिन्न थानों में की तैनाती**

**प्रशिक्षु उप निरीक्षक, मैदानी स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली के विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं का करेंगे अध्ययन**

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर के आदेशानुसार जशपुर जिले को 13 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को मैदानी प्रशिक्षण एवं जिला स्तरीय व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु जशपुर जिले में आबंटित किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत सभी प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पदस्थ कर उनके प्रशिक्षण की रूपरेखा निर्धारित कर दी गई है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु उप निरीक्षक जिले के विभिन्न थानों में रहकर पुलिस कार्यप्रणाली के व्यावहारिक पहलुओं का गहन अध्ययन करेंगे तथा अनुभवी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्हें कानून-व्यवस्था संधारण, अपराध विवेचना, जनसंपर्क, पुलिस प्रशासन एवं फील्ड पुलिसिंग की बारीकियों से अवगत कराना है। जारी आदेश के अनुसार प्रशिक्षु उप निरीक्षक संतोष कुमार चौरसिया को थाना तपकरा, राजकुमार को थाना कांसाबेल, नीलमणी निषाद को थाना कुनकुरी, जय प्रकाश को थाना पत्थलगांव, संतोष कुमार वर्मा को थाना नारायणपुर, शेखर सिंह राजपूत को थाना लोदाम, जितेंद्र साहू को थाना जशपुर, शेषनारायण दीवान एवं माधुरी वर्मा को थाना बगीचा, मोहन लाल मरकाम को थाना बागबहार, देविका लक्ष्मी मरकाम को थाना कुनकुरी तथा



विम्बलेश्वरी मरकाम को थाना जशपुर में प्रशिक्षण हेतु पदस्थ किया गया है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षु अधिकारियों को बेसिक पुलिसिंग,बीट आरक्षक, संत्री ड्यूटी, रात्रिकालीन गश्त, सिटी पेट्रोलिंग, मुलजिम पेशी, मालमुंशी, कोर्ट मुहर्रिर, आरक्षक मोहरीर (मददगार), प्रधान आरक्षक गश्ती तथा प्रधान आरक्षक मोहरीर जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारी पुलिस विभाग के प्रत्येक कार्य को नजदीक से समझ सकेंगे तथा भविष्य में बेहतर पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे।

### मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को समुचित मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी प्रशिक्षुओं को निर्धारित प्रारूप में मासिक अटैचमेंट रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

### पेशेवर दक्षता के विकास में महत्वपूर्ण

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि यह व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रशिक्षु अधिकारियों के व्यक्तित्व एवं पेशेवर दक्षता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा उन्हें आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप संवेदनशील, सक्षम एवं जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बनने में सहायता प्रदान करेगा।

---



# आवारा कुत्तों को पकड़ने विशेष मुहिम शुरू

**जशपुरनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए विशेष अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत नगर पालिका ने एक डॉग स्क्वायड टीम का गठन किया है, जो शहर के विभिन्न वार्डों में घूमकर आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ने का कार्य कर रही है। नगर पालिका परिसर से अभियान की शुरुआत की गई। विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन, जाल और अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ टीम को मैदान में उतारा गया है। अभियान के दौरान कुत्तों को बिना किसी नुकसान पहुंचाए पकड़कर निर्धारित स्थानों पर ले जाया जाएगा, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं नसबंदी जैसी आवश्यक प्रक्रियाएं की जाएंगी। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि शहर में लगातार आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से नागरिकों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### डॉग स्क्वायड टीम गठित

नगर पालिका ने डॉग स्क्वायड टीम का गठन किया है। आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका टीकाकरण किया जा रहा है। इनको रखने के लिए शेल्टर होम की व्यवस्था है। नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के नागरिकों को पूर्ण रूप से इन आवारा कुत्तों के भय से मुक्त वातावरण मिल सके।

-**योगेश्वर उपाध्याय**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जशपुर

---

# छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमण्डल ने डॉ कमलप्रीत सिंह सचिव स्कूल शिक्षा एवं ऋतुराज रघुवंशी संचालक लोक शिक्षण से मिलकर 4 सूत्रीय ज्ञापन दिया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि प्राचार्य के स्वीकृत पदों पर 90 प्रतिशत पद पदोन्नति द्वारा तथा 10 प्रतिशत पद सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा नियुक्त करने का नियम है। शिक्षा विभाग के द्वारा 90 प्रतिशत कोटा के अंतर्गत पदोन्नति किया गया है। लेकिन 10 प्रतिशत कोटा अंतर्गत भर्ती लंबित है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 एवं 13 फरवरी 2026 के अनुसूची-दो में 10 प्रति8शत पदों पर अशासकीय,निजी अनुदान प्राप्त स्कूल,स्वायत्तशासी निकाय में कार्यरत शिक्षकों के सीमित परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने का उल्लेख है।यह भर्ती लोक सेवा आयोग द्वारा किये जाने का प्रावधान है।जिसपर सकारात्मक चर्चा हुई है। सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति एवं सीमित विभागीय परीक्षा से चयनित प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक को समयमान वेतनमान स्वीकृति के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई है। प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक का वेतन माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक से अधिक हो गया है। फेडरेशन के द्वारा ज्ञापन निरंतर दिया जाता रहा है लेकिन विभाग समाधान नहीं कर पा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में राजेश चटर्जी प्रांताध्यक्ष, सतीश ब्यौहरे प्रमुख महामंत्री, आकाश राय महामंत्री, पवन सिंह उपाध्यक्ष, सर्व जिला अध्यक्ष दयालूराम साहू (धमतरी), पीआर झाड़े (राजनांदगांव), देवमणी साहू (रायपुर), चंचल द्विवेदी (दुर्ग), नीलम सोनी सचिव,विनोद कुमार ठाकुर, सीताराम साहू, रोम रात्रे, लक्ष्मीकांत तिवारी, देवेन्द्र साहू शामिल रहे।

---

# विधायक-नायब तहसीलदार प्रकरणः पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

प्रदेश में चर्चित सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं नायब तहसीलदार से जुड़े विवाद ने अब नया राजनीतिक और प्रशासनिक मोड़ ले लिया है। मामले में अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज राजस्व पटवारी संघ ने भी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। संघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ शीघ्र गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

राजस्व पटवारी संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि संघ इस घटना की कड़ी निंदा करता है। संघ के अनुसार यह मामला केवल एक शासकीय कर्मचारी की गरिमा पर प्रहार नहीं है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देने जैसा गंभीर कृत्य है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस घटना के बाद राजस्व कर्मचारियों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है, जिससे उनके मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल गिरफ्तारी सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। संघ का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो शासकीय कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो जाएंगे। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़, कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की सभी मांगों का पूर्ण समर्थन करता है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वह किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पटवारी संघ जशपुर के अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, संरक्षक अशोक मांझी, संगठन मंत्री भगवती चरण टंडन, चंद्रशेखर पटेल, यशवंत स्वर्णकार सहित जिले के अनेक पटवारी उपस्थित रहे। इस घटनाक्रम के बाद मामले को लेकर प्रशासन पर दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है और अब सभी की निगाहें शासन एवं प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।



---

### राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर ने आधार एवं मोबाइल नंबर अद्यतन, किसान किताब प्रविष्टि, अविवादित एवं फौती नामांतरण, नक्शा अद्यतन, बटांकन, सीमांकन, ई-नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता, व्यपवर्तन तथा राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार शत-प्रतिशत निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें।

### नगर पालिका उपचुनाव में 67.68 प्रतिशत मतदान



**जशपुरनगर।** नगर पालिका परिषद जशपुर के वार्ड क्रमांक 8 एवं 14 में उपचुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। मतदान ईवीएम के माध्यम से प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक कराया गया। दोनों वार्डों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आज हुए उपचुनाव में कुल 67.68 प्रतिशत मतदान हुआ। उपचुनाव के लिए बनाए गए सभी मतदान केंद्रों पर प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। मतदान केंद्रों में मेडिकल सुविधा, मतदाता सहायता केंद्र, पेयजल एवं छायादार प्रतीक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। वहीं दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।

### पद्मश्री जागेश्वर राम ने किया उल्लास समर कैंप का शुभारंभ



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़िया क्लाउड के द्वारा जशपुर के कला में रुची रखनेवाले छात्र- छात्राओं, किशोर और युवाओं के लिए प्रतिवर्ष की तरह उल्लास समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में बहुत सारे प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है जिन्हें आज से अपनी कला को निखारने का अवसर प्राप्त होगा। यह कैम्प 15 दिनों तक चलेगा. छात्र प्रशिक्षण के दौरान जो कुछ भी सीखेंगे उसकी प्रस्तुति और प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। नृत्य का प्रशिक्षण मनीषा भगत के द्वारा होगा वहीं चित्रकला का प्रशिक्षण टेसु और सुमन के द्वारा प्रदान किया जाएगा। चित्रकला विषय के प्रतिभागियों को लाइव नेचर स्टडी और लैंडस्केप बनते हुए देखने का मौका भी मिलेगा।कला कौशल सीखने पर भविष्य में इसे पेशेवर रूप में अपनाकर अपना नाम और जीवन भी बनाया जा सकता है।

### उप निरीक्षक साहू हुए सेवानिवृत



**जशपुरनगर।** पुलिस विभाग में लगभग 40 वर्षों तक उत्कृष्ट, कर्तव्यनिष्ठ एवं निष्पक्ष सेवाएं प्रदान करने के उपरांत उप निरीक्षक नारायण प्रसाद साहू 31 मई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय जशपुर में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ.लाल उमेद सिंह ने श्री साहू का सम्मान किया। विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री साहू के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, उप पुलिस अधीक्षक कुंजराम चैहान, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर सहित उप निरीक्षक नारायण प्रसाद साहू के परिजन उपस्थित रहें।

---

रौतिया युवा समागम में मेधावी छात्रों का सम्मान

# महिलाएं संगठित हो जाएं तो बदल सकती हैं राष्ट्र की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन

नगर स्थित वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में रौतिया समाज छत्तीसगढ़ द्वारा "रौतिया युवा समागम एवं महिला सशक्तिकरण" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की मातृशक्ति, युवाओं, विद्यार्थियों एवं वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि "यदि महिलाएं संगठित हो जाएं तो परिवार, समाज और राष्ट्र की तस्वीर बदल सकती है।" उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन की मार्मिक यात्रा साझा करते हुए बताया कि जीवन में एक समय ऐसा भी आया था जब अत्यधिक गरीबी, सामाजिक उपेक्षा और निराशा के कारण वे अपने छोटे बच्चों सहित रेलवे पटरी पर आत्महत्या करने के इरादे से पहुंच गई थीं। उन्होंने परिस्थितियों के आगे हार मानने के बजाय संघर्ष का मार्ग चुना। आज वही संघर्ष उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री तक ले गया और वे करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं। उनके इस भावुक वृत्तांत ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया तथा महिलाओं और युवाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत न हारने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद भगत एवं कोषालय अधिकारी ओमकार साय ने भी विद्यार्थियों एवं युवाओं को शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके माता-पिता को ₹प्रथम गुरु सम्मान₹ से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न उच्च पदों पर आसीन प्रतिभाओं एवं विशिष्ट व्यक्तियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रौतिया समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष हेमनारायण सिंह सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा साथी, मातृशक्ति, बहनें एवं बड़ी संख्या में मेधावी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह जानकारी दीपक सिंह ने दी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व, करियर मार्गदर्शन एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। उपस्थित जनसमूह ने इस आयोजन को समाज के लिए ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी पहल बताते हुए इसकी सराहना की।




### सफलता के लिए मेहनत जरुरीः कुमार

विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण, लक्ष्य निर्धारण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर प्रयास और सही दिशा में मेहनत आवश्यक है। अमित रंजन सिन्हा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके व्यक्तिगत प्रश्नों के उत्तर दिए तथा करियर से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विशेष रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत गणेशपुर ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत गणेशपुर में भाजपा पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 134 वां एपिसोड मन की बात का श्रवण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत की माताएं, बहने के अलावा भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ध्यानचंद गुप्ता, क्षेत्र क्रमांक 22 के जनपद सदस्य रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### नौतपा की भीषण गर्मी में भी कोईलार साक की मांग बरकरार, सबसे महंगी है सब्जी



**रामानुजगंज।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच जहां आमतौर पर लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, वहीं रामानुजगंज के साप्ताहिक बाजार में इन दिनों एक विशेष साग लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यह है कोईलार का साग जो वर्तमान में बाजार में उपलब्ध सब्जियों और सागों में सबसे महंगा बिक रहा है। ऊंची कीमत के बावजूद इसकी मांग में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। स्वाद, पौष्टिकता और सीमित उपलब्धता के कारण लोग इसे खरीदने के लिए उत्सुक नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कोईलार का साग किसी खेत में नहीं बल्कि पेड़ पर उगता है। इसकी कोमल पत्तियां और नई टहनियां ही साग के रूप में उपयोग की जाती हैं। वर्षभर यह उपलब्ध नहीं रहता, बल्कि केवल गर्मी के मौसम में कुछ ही सप्ताह के लिए बाजार में आता है। यही वजह है कि इसकी उपलब्धता सीमित रहती है और कीमत अन्य सागों की तुलना में काफी अधिक होती है।सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि कोईनार साग को जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी मेहनत से एकत्र किया जाता है। पेड़ों पर चढ़कर उसकी कोमल पत्तियां तोड़नी पड़ती हैं, जिसके कारण उसकी लागत भी बढ़ जाती है। नौतपा के दौरान तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच इसे बाजार तक पहुंचाना भी आसान नहीं होता। यही कारण है कि इसकी कीमत लगातार ऊंची बनी हुई है। कोईलार साग केवल स्वाद के लिए ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य लाभों के लिए भी प्रसिद्ध है। ग्रामीण अंचलों में इसे पारंपरिक पौष्टिक आहार माना जाता है। बुजुर्गों का कहना है कि इसमें कई प्रकार के प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में भी सहायक होते हैं। गर्मी के मौसम में शरीर को आवश्यक पोषण देने के कारण इसकी विशेष मांग रहती है। बाजार में इस समय भिंडी, करेला, लौकी, परवल और अन्य हरी सब्जियां भी उपलब्ध हैं, लेकिन चर्चा का केंद्र केवल कोईलार साग बना हुआ है। बाजार में जहां अधिकांश सब्जियों की मांग प्रभावित होती है, वहीं कोईलार साग अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।

### विनोद तथा बुधसाय को मिली पदोन्नति

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र उदयपुर में पदस्थ विनोद सिंह के वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल तथा बुधसाय राजवाड़े के वनरक्षक से वनपाल पद पर पदोन्नत होने के उपलक्ष्य में रामगढ़ स्थित चेतना शिविर में स्टार अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी अभिषेक जोगावत, वन परिक्षेत्र अधिकारी फेंकू चौबे ने पदोन्नत अधिकारियों को स्टार अलंकरण कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं और उनका बेहतर निर्वहन विभाग की कार्यक्षमता को और मजबूत बनाता है। इस दौरान वन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राजेश बराडे, वन कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष बसंत राजवाड़े, सेवा निवृत्त गंगा राम शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी रामनिवास दहायत, विश्वास दास वैष्णव के अलावा गिरीश बहादुर, शशिकांत सिंह, रामविलास सिंह, अशोक प्रताप सिंह, मल्लेश्वर पैकरा, अनिता मिंज, ओरेलिया मिंज, सुशीला पैकरा, आर्मो सिंह, सहिस कपूर, इंद्र प्रसाद, उमेश कश्यप सहित सीतापुर, लखनपुर एवं उदयपुर परिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेंटेनेंस के नाम पर भारी-भरकम खर्च

# हवा के हल्के झोंके से टूटे विद्युत तार शहर में देर रात तक छाया रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्री मानसून की बारिश ने शहर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की पोल खोल दी है। विक्षोभ एवं अन्य घटकों के प्रभाव से पिछले चार दिनों से प्रायः हर दिन कमोवेश वर्षा हो रही है जिससे भीषण गर्मी से राहत मिल गई है साथ ही विद्युत का दबाव भी कम हो गया है। इसके बावजूद दिन-रात में अनेकों बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। जिससे ग्रामीण इलाकों में तो समस्या हो रही है संभाग मुख्यालय में भी लोगों को अंधेरे में समय गुजारना पड़ रहा है।

**खास बात**

- दिन में अनेको बार बाधित हो रही आपूर्ति

बरसात के पूर्व हर साल विभाग आंधी-पानी से विद्युत तारों एवं उपकरणों की सुरक्षा के लिए रखाव का कार्य करता है। इस बार भी विभाग द्वारा एक पखवाड़े तक विद्युत लाइन का रखरखाव करने अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत लाइन के निकट के पेड़ों की खतरनाक डालों की कटाई-छटाई की गई साथ ही विद्युत तारों को भी दुरूस्त किया गया। इधर प्री मानसून की बारिश शुरू होते ही विद्युत व्यवस्था इतनी बदहाल हो गई है कभी भी आपूर्ति बाधित हो जा रही है। प्री मानसून की बारिश के साथ एवं कई बार बारिश के पूर्व तेज रफ्तार आंधी चल रही है। तेज रफ्तार आंधी में पेड़ों की डालें टूटना स्वभाविक है। तेज आंधी में जगह-जगह पेड़ भी उखड़ जा रहे हैं साथ ही विद्युत तार एवं पोल क्षतिग्रस्त हो जा रहे हैं। ऐसी स्थिति निर्मित होने पर बड़े इलाके की विद्युत आपूर्ति लम्बे समय तक बाधित रह रही है तथा विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए अमले को घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके विपरीत शहर में हल्की बारिश होने पर भी विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित रह रही है। आंधी-बारिश के दौरान हवा के हल्के झोंके से भी विद्युत आपूर्ति ठप हो जा रही है।



खतिग्रस्त ट्रांसफार्मर।



विद्युत तार पर गिरा पेड़।

### दो घंटे तक छाया रहा अंधेरा

रविवार को भी शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। इस दौरान सूरजपुर जिले में बारिश के साथ कहीं-कहीं तेज रफ्तार आंधी चली। इस दौरान विश्रामपुर स्थित 132 केवी विद्युत उपकेंद्र में तकनीकी खराबी आने के बाद शहर सहित सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के बड़े इलाके में शाम 5.45 बजे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। तकनीकी खराबी को सुधारने के बाद शाम 6.15 बजे आपूर्ति सुचारू की गई तो जानकारी मिली ग्राम पंचायत सरगवां स्थित 33 केवी, महामाया सब स्टेशन न्यू सरगवां एवं टाउन फीडर में तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो रही है। पेट्रोलिंग कर कर्मचारियों ने तकनीकी खराबी को दुरूस्त किया तो 7.35 बजे आपूर्ति सुचारू हुई। विद्युत-आपूर्ति बाधित होने के कारण बड़ी संख्या में लोग पीने का पानी नहीं भर सके। विभाग द्वारा कई बार आपूर्ति चालू भी की गई लेकिन फाल्ट आने के कारण बार-बार आपूर्ति ठप हो रही थी। दो घंटे बाद आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### पूरी रात चलती रही मरम्मत

शनिवार को शाम तेज रफ्तार हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई थी। इस दौरान तेज गरज-चमक होने पर सरगवां एवं न्यू सरगवां 33 केवी फीडर में 6 इंसुलेटर वहीं कंठी में 3 इंसुलेटर ब्लास्ट हो गए। इसके साथ ही दरिमा, भिट्ठीकला, सुखरी, लमगांव में भी तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इस दौरान शहर के तकिया एवं कतकालो स्थित फिल्टर प्लांट की आपूर्ति भी बाधित रही। विद्युत कर्मियों ने पूरी रात कड़ी मशक्कत कर क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरूस्त कर आपूर्ति को सुचारू किया। दोनो फिल्टर प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही।

### डाले टूटने से बाधा

विद्युत लाइन पर पेड़ों की डालें टूटकर गिरने के कारण आपूर्ति बाधित हो रही है। रात में भी तकिया फिल्टर प्लांट सहित कई स्थानों पर तकनीकी खराबी आई थी जिसे रात में ही दुरूस्त कर लिया गया था।

-जेपी राजवाड़े, ईई, शहर विद्युत संभाग



## तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से युवक की मौत, मां की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार मां बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने मामले में शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

- बमलाया के समीप हुई घटना, अपराध दर्ज

बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी आशीष तिर्की शनिवार को किसी काम से सीतापुर आया हुआ था और देर शाम साढ़े पांच अपनी मां के साथ बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीपी 1731 से सीतापुर से वापस अपने गृहग्राम महेशपुर लौट रहा था। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर जैसे ही युवक ग्राम बमलाया पहुंचा अंबिकापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा वाहन क्रमांक बीआर 25 जीए 4085 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार मां बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान हाइवा ने बाइक चालक आशीष तिर्की को कुचल दिया जिससे उसके शरीर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया और युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठी उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर मृत युवक के शव को मर्च्युरी में रखा गया था। रविवार को पुलिस द्वारा पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा हाइवा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 106(1) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही वाहन को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रघुनाथ राम भगत समेत पुलिस बल सक्रिय थे।

## क्षेत्र में यूरिया एवं डीएपी खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान : दुबे

**रामानुजगंज।** क्षेत्र में रासायनिक उर्वरक यूरिया एवं डीएपी खाद की कथित कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। इस मुद्दे को उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे ने किसानों के हित में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों में खाद वितरण व्यवस्था में भारी अनियमितता है तथा प्रभावशाली एवं आर्थिक रूप से सक्षम किसानों को प्राथमिकता देकर खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि छोटे, लघु एवं सीमांत किसान उपेक्षित हैं। अरविंद दुबे ने कहा कि जिन किसानों के पास कम रकबा है और उन्हें सरकारी सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता है, उन्हें खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। मजबूरी में ऐसे किसान खुले बाजार से अधिक कीमत पर खाद खरीदने को विवश हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो रही है।उन्होंने बताया कि विगत वर्ष यूरिया खाद की एक बोरी 1000 से 1500 रुपये तक में बिकने की शिकायतें सामने आई थीं। किसानों ने खेती और रोपाई कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए मजबूरी में ऊंचे दामों पर खाद खरीदी थी। वर्तमान में किसानों को एक एकड़ भूमि के लिए मात्र एक बोरी यूरिया खाद लगभग 470 रुपये प्रति बोरी की दर से उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि इसकी निर्धारित कीमत 266 रुपये प्रति बोरी है। अरविंद दुबे ने जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## वर्षा जल संरक्षण को लेकर लोगों को दी गई जानकारी



**राजपुर।** जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोर गांव मोरे पानी अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 5 प्रतिशत मॉडल पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि 5 प्रतिशत मॉडल वर्षा जल संरक्षण की एक प्रभावी तकनीक है, जिसके माध्यम से खेतों में बारिश के पानी को रोककर लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे खेतों में नमी बनी रहती है, फसलों को पर्याप्त जल उपलब्ध होता है तथा भू-जल स्तर में वृद्धि होती है। इसके साथ ही किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं से भी काफी हद तक राहत मिल सकती है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को 5 प्रतिशत मॉडल की तकनीकी जानकारी दी गई और बताया गया कि खेतों में इसका निर्माण किस प्रकार किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने मॉडल के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण की दिशा में यह एक सरल, कम लागत और अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसके माध्यम से कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ जल संकट की समस्या को भी कम किया जा सकता है। कार्यशाला में क्षेत्र में लगातार घटते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है और यदि प्रत्येक किसान अपने खेत में इस मॉडल को अपनाए तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है।

- 5 प्रतिशत मॉडल का दिया गया प्रशिक्षण

मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार दुबे ने बताया कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सरपंचों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को 5 प्रतिशत मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने वृक्षारोपण को भी जल संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के प्रतिनिधि राधा रमण पांडेय ने कहा कि इस मॉडल खेतों में जल संरक्षण का प्रभावी साधन है। इससे वर्षा जल का बेहतर उपयोग संभव होता है, मिट्टी की नमी लंबे समय तक बनी रहती है तथा भू-जल स्तर में सुधार होता है। उन्होंने किसानों से इस मॉडल को अपनाकर जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। कार्यशाला में एसडीओ जानू राम सोनवानी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी एमएस सिदार, मनरेगा तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, एनआरएलएम के सीआरपी एवं पीआरपी तथा इंडियन ग्रामीण सर्विसेज की टीम सहित बड़ी संख्या में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो दिन तक आंधी-बारिश से नहीं मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



आगामी दो दिनों तक आंधी-तूफान से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पछुआ विक्षोभ सहित जगह-जगह चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभावी होने के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है। जिससे हर दिन दोपहर बाद मौसम में बदलाव आ रहा है तथा तेज रफ्तार आंधी के साथ बारिश हो रही है। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक कहीं-कहीं 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम में आए बदलाव का असर रविवार को भी देखा गया तथा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी आगामी 2 जून तक मौसम के यथावत रहने एवं दोपहर बाद तेज रफ्तार आंधी चलने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में पछुआ विक्षोभ उत्तर पश्चिम यूपी में समुद्र तल से 3.1 किमी से 7.6 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है। वहीं विदर्भ एवं उससे सटे तेलंगाना, पूर्वी मध्य क्षेत्र से सटे उत्तर पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण, विदर्भ के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण से लेकर पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रभावी चक्रवाती परिसंचरण तक द्रोणिका वहीं दक्षिण केरल से सटे दक्षिण पूर्वी अरब सागर के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है।

### मूसलाधार बारिश से गिरा तापमान

**बिहारपुर।** सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में रविवार को शाम अचानक मौसम बदला एवं गरज-चमक के साथ 45 मिनट तक मूसलाधार बारिश हुई। क्षेत्र में पहली बार हुई मूसलाधार बारिश से गर्मी से राहत मिल गई है साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से इसके पूर्व भी कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई थी। भीषण गर्मी के कारण छिटपुट बारिश का गर्मी पर कोई प्रभाव नहीं दिख रहा था। कुछ क्षेत्रों में बारिश होने के कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण उमस बढ़ गई है। रविवार को पहली बार क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिली है। बारिश होने से क्षेत्रवासी काफी उत्साहित हैं। अब खेतों में नमी आने के बाद खरीफ खेती के लिए शीघ्र खेतों की जोताई प्रारंभ की जाएगी।

### नगर में 14.91 करोड़ रुपये के कार्यों का होगा भूमिपूजन

**रामानुजगंज।** नगर क्षेत्र में लगभग 14 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह 1 जून को प्रातः 10.30 बजे काका लरंग साय कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित 113 हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए कार्यादेश भी वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक आवास के लिए 2 लाख 82 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन अग्रवाल करेंगे। वहीं नपं उपाध्यक्ष शीला जायसवाल, सभी पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना और जन सुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत 4 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से कनहर नदी में मिलने वाले गंदे पानी के उपचार हेतु सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना प्रमुख है। इसके अतिरिक्त 2 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

## शिवनगर वार्ड में गड्ढे व अव्यवस्थाओं को सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शांति नगर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर मोहल्ले वासियों ने जनप्रतिनिधियों से संपर्क अभियान के दौरान अपनी समस्याएं गिनाई। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड के नाली कई जगह से टूटी हुई है जिको लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी से शिकायत कर नाली मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

मोहल्ले वासियों का कहना है कि उनके घर के सामने की नाली पिछले लगभग दो वर्षों से टूटी हुई है, जिसके कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जो घर के परिसर तक पहुंच रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। शांति नगर स्थित नाली और उसका ढक्कन लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। नाली का पानी सीधे सड़क पर फैल रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि घर में आने-जाने के लिए भी लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नाली का गंदा पानी लगातार जमा रहने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। रहवासियों का आरोप है कि कई बार ग्राम पंचायत के समय भी शिकायत की गई थी और नगर पंचायत गठन के बाद भी अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिसका खामियाजा मोहल्ले के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



## संभल के जाना फुलवारी में, फूलों के संग कांटे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



चोपड़पारा स्थित संध्या सिंह के निवास पर कृति नारी साहित्य समिति द्वारा ₹फुलवारी ₹ विषय पर गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार बबन पांडेय की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित करके सीमा तिवारी द्वारा वंदना गायन के उपरांत श्रीमती राज पांडे द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । संचालन कर रही माधुरी जायसवाल ने विषय पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं को आमंत्रित किया। कवियत्री संध्या सिंह ने अपनी प्रस्तुति में कहा हँसती, मुस्कुराती मुझसे बातें करती है फुलवारी,वहीं कांति पांडे ने गद्य में अपनी शाला के नन्हें बच्चों में हर फूल की कल्पना और स्वयं को जिम्मेदार मालिनिया निरूपित कर मन मोह लिया। संतोषी चंदेल 'गुड़िया', ने गीत में पिरोकर गाकर सुनाया, किस्म -किस्म के फूल खिले हैं ,जो देखे बस कह दे वाह, आंगन खिलती है फुलवारी, बच्चों जैसी है परवाह। गीता तिवारी ने फुलवारी की तुलना तिरंगे की शान से किया वहीं उमा वर्मा ने, बाग बाग हो उठे कलेजा, देख के आंगन की फुलवारी, कह सुंदर सृजन से मन मोह लिया। सरिता सिंह ने अपनी प्रस्तुति में, हर फूल हमें जीना सिखाता है, खुशबू बनाए रखना सिखाता है का संदेश दिया। आशा उपाध्याय ने कृति समिति को भी एक फुलवारी निरूपित कर उस छाया में सौंदर्य और वैचारिक सुगंध का दृश्य खींच सभी को अचंभित कर दिया।

## मंत्री के प्रयासों से भवरखोह को मिली पक्की सड़क की सौगात

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ओड़गी ब्लाक के विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से स्वीकृति मिली थी। जिन सड़कों का वर्चुअल भूमिपूजन 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। इसी क्रम में ओड़गी ब्लाक अंतर्गत भवरखोह में पक्की सड़क निर्माण कार्य की सौगात मिली है।जो आनंदपुर से होते हुए भवरखोह सेमरखाड़ मार्ग को जोड़ेगा। जिसकी कुल लम्बाई 4.65 किलोमीटर है और लगभग 4 करोड़ 93 लाख की लागत से बनेगा। सड़क निर्माण से पंडों जनजाति वाले पारा सेमरखाड़, गेरूहा डांड़, पंडोंपारा, तेलाइडांड व स्कूल पारा का आवागमन को आसान बनाकर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाज़ार तक पहुंच सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए क्षेत्रीय विधायिका व प्रदेश के मुखिया का ग्रामीणों ने आभार जताया है। भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री प्रियांशु यादव ने कहा कि यह योजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना गांव-गांव तक विकास की राह खोल रही है। इस मौके सरपंच रामप्रसाद , दिलीप, लालचंद , पारस, देवधारी, विजय, समेत भारी संख्या में आम जनता उपस्थित रहें।





# शेखर ने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की जताई मंशा

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर शेखर कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि इस फिल्म में दिग्गज संगीतकार एआर रहमान संगीत देंगे। अब शेखर कपूर ने युवा क्रिकेटर और नई सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की भी मंशा जताई। शेखर कपूर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के फैन बन गए। शेखर कपूर ने आज अपने एक्स अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी की एक तस्वीर साझा की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'अगर सूर्यवंशी इतने शानदार क्रिकेटर न होते, तो मैं उन्हें अपनी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' में ले सकता था।''

## लाइफ Style

# राशा

## लाल कपड़ों में दिलाई मां रवीना की याद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राशा थडानी हाल ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'श्रीनिवास मंगपुरम' के एक इवेंट में नजर आईं। यहां से उनका लुक वायरल हो रहा है। यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म 'श्रीनिवास मंगपुरम' से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं।

इस फिल्म में वह महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ नजर आएंगी। हाल ही में हैदराबाद में इस फिल्म का एक इंट्रोडक्शन इवेंट हुआ। इसमें दोनों कलाकारों का परिचय कराया गया। इस इवेंट से राशा थडानी का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया 'ऐसा क्यों लगता है कि हम रवीना टंडन को देख रहे हैं?' वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि राशा थडानी लोगों के बीच से उठकर स्टेज पर आती हैं। इसके बाद अपने साथी कलाकार जय कृष्णा घट्टामनेनी को केक खिलाती हैं। आपको बता दें कि यह इंट्रोडक्शन इवेंट सुपरस्टार कृष्णा की जयंती के मौके पर आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, जय कृष्णा अपने दादा के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, मेरे दादा भगवान के समान हैं। उनके लिए मेरे दिल में जो प्यार और सम्मान है, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।' राशा थडानी, जो इस फिल्म के साथ टॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं, उन्होंने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया।



## हॉलीवुड मसाला




# अमेरिकी अभिनेत्री मिका से तुलना

**मुंबई।** महिमा चौधरी अपनी बेटी को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उन पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है, जिनमें उनकी बेटी एरियाना मुखर्जी की तुलना अमेरिकी एक्ट्रेस मिका अब्दुल्ला से की जा रही है। कई फैंस तो 'ऑफ कैंपस' की स्टार मिका को एरियाना की हमशक्ल भी कह रहे हैं। मिका, प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'ऑफ कैंपस' में ऐली हेस का किरदार निभाती हैं। कई यूजर्स ने यह भी बताया कि मिका काफी हद तक महिमा चौधरी के जवानी के दिनों की तरह दिखती हैं।



# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे के बाद रिटायर होंगे टॉम?

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता टॉम हॉलैंड अपनी फिल्म 'स्पाइडर मैन-ब्रांड न्यू डे' के बाद पीटर पार्कर के किरदार से रिटायर हो सकते हैं। उन्होंने हाल में हुई एक बातचीत में कहा कि वह अब किसी नए अभिनेता के लिए पीटर पार्कर का रास्ता खोलना चाहते हैं। अभिनेता टॉम हॉलैंड स्पाइडर मैन सीरीज की चार फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। मगर हाल ही में एम्पायर मैगजीन से हुई बातचीत में उन्होंने कहा, 'अगला किरदार चाहे माइल्स मोरालेस हो, स्पाइडर-ग्वेन हो, स्पाइडर-वुमन हो या ऐसा ही कोई और, मैं उसके अगले अध्याय की नींव रखने में अपना योगदान देना चाहूंगा। मैं नहीं जानता कि किस तरह मैं इसमें शामिल रहूंगा। मगर स्पाइडर मैन के किरदार को किसी और को सौंपने के बारे में सोच रहा हूं।'



# कॉकटेल-2 के सेट से बीटीएस तस्वीरें जारी...

**मुंबई।** कॉकटेल 2 में रश्मिका मंदाना पहली बार कृति सेनन और शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म कॉकटेल 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज से पहले शाहिद कपूर ने कॉकटेल 2 की कुछ बीटीएस तस्वीरों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। एक्टर शाहिद ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में एक फोटो कॉकटेल 2 की शूटिंग के दौरान की दिखाई दी। इस फोटो को शेयर कर एक्टर ने कैप्शन लिखा- 'व्हाट ए फन।' इसके अलावा भी उन्होंने कुछ और फिल्म से जुड़ी तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में कृति और रश्मिका भी नजर आईं। इसके अलावा शाहिद ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट शूटिंग के बीच के समय में इंजॉए करते नजर आ रहे हैं।



# एसवीसी-63 से सामने आई पहली झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जो कि एसवीसी63 के सेट से बताई जा रही है। इस तस्वीर को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स अपने रिएक्शन दे रहे हैं। सलमान खान ने हाल ही में निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म को अस्थाई तौर पर एसवीसी63 कहा जा रहा है। सलमान खान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसे उनकी आगामी फिल्म एसवीसी 63 के सेट की तस्वीर बताया जा रहा है। इस तस्वीर में सलमान एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सलमान के चेहरे पर साफ गुस्सा नजर आ रहा है, उनके आस-पास कई लोग भी दिखाई दे रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कोई भी किसी और को राम के रूप में नहीं देखना चाहता: अरुण

**नई दिल्ली।** अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। इसके निर्देशक नितेश तिवारी हैं। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम का मुख्य किरदार निभा रहे हैं। साई पल्लवी सीता का किरदार निभा रही हैं, जबकि यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट में एक खास बात यह है कि इसमें दिग्गज एक्टर अरुण गोविल को भी कास्ट किया गया है। अरुण गोविल टीवी सीरीज 'रामायण' में भगवान राम के किरदार के लिए मशहूर हैं। इस फिल्म में, गोविल भगवान राम के पिता, राजा दशरथ का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इस बीच उन्होंने रणबीर कपूर की तारीफ की है। एक बातचीत में अरुण गोविल ने रणबीर के बारे में यह साफ किया कि उन्हें इस एक्टर की काबिलियत पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'राम के तौर पर, मैं उनके बारे में अभी कुछ नहीं बता पाऊंगा, लेकिन वह एक अच्छे एक्टर हैं। इसमें कोई शक नहीं है। वह एक बहुत अच्छे इंसान भी हैं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हर एक्टर हर किरदार को अपने ही अंदाज में निभाता है। उन्होंने भी भगवान राम का किरदार अपने ही अनोखे अंदाज में निभाया होगा।' जब फिल्म 'रामायण' का पहला लुक रिलीज हुआ था, तब कई लोगों ने रणबीर कपूर के लुक की आलोचना की थी। इस बारे में अरुण गोविल से पूछा गया। इस पर उन्होंने बताया 'शायद इसकी एक वजह यह भी है कि भगवान राम के रूप में मेरा अभिनय ही एक पैमाना बन गया था। यह आज भी लोगों के दिलों और दिमागों में जिंदा है। कोई भी किसी और को राम के रूप में देखना नहीं चाहता।

## 'नाटक के बीच में रोते बच्चे को संभाला'

**नई दिल्ली।** टीवी और फिल्मों के अलावा अभिनेता स्वप्निल जोशी थिएटर भी सक्रिय हैं। स्वप्निल जोशी 'लगना पंचमी' नाम का नाटक थिएटर में करते हैं। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक 

आते हैं। हाल ही में जब वह यह नाटक कर रहे थे तो अचानक शो में एक बच्चा रोने लगा। इस वजह से नाटक में खलल पड़ गया। ऐसे में गुस्सा होने की बजाय स्वप्निल जोशी ने मजेदार रिएक्शन दिया। स्वप्निल जोशी के नाटक के बीच में एक छोटा बच्चा रोने लगा। ऐसे में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस को रोक दिया और प्यार से कहा, 'माफ कीजिए क्या आप बच्चे को बाहर ले जा सकते हैं?' दर्शकों ने भी जवाब में माफी मांगी। तब स्वप्निल ने जवाब दिया, 'कोई दिक्कत नहीं है, बस बात यह है कि सबका ध्यान भंग हो रहा है।'स्वप्निल जोशी बोल ही रहे थे कि बच्चा फिर से रोने लगा। तब स्वप्निल जोशी ने कहा, 'प्यारे छोटे बच्चे तुम्हें भी नाटक देखना पसंद है, है ना?'



# 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान मेरी तबीयत खराब थी : माधुरी

*मुंबई। माधुरी दीक्षित को लेकर सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि शाहरुख खान की 2002 की ब्लॉकबस्टर फिल्म देवदास के 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी दीक्षित चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। अब इन चर्चाओं और अटकलों पर खुद माधुरी दीक्षित ने प्रतिक्रिया दी है और सच्चाई बताई है। एक बातचीत में माधुरी दीक्षित ने अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने बेटे की जन्म की तारीख भी बताई। माधुरी ने कहा, 'आरिन का जन्म 2003 में हुआ था। आप हिसाब लगा लीजिए।'माधुरी दीक्षित के बड़े बेटे आरिन अब 23 साल के हैं और उनका जन्म 17 मार्च 2003 को हुआ था। फिल्म देवदास 12 जुलाई 2002 को रिलीज हुई थी, इससे पहले इसका प्रीमियर 23 मई 2002 को कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। हालांकि, माधुरी ने स्पष्ट किया कि शूटिंग शारीरिक रूप से काफी थकाने वाली थी, लेकिन इसका कारण उनकी प्रेग्नेंसी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ट्रेवल कर रही थी, इसलिए मेरी तबीयत थोड़ी खराब थी। मैं लगातार शूटिंग के लिए इधर-उधर जा रही थी। मेरी सारी शूटिंग रात में होती थी। इसलिए मेरे लिए यह बहुत थकाने वाला था। मेरी तबीयत थोड़ी खराब थी, लेकिन कुछ खास नहीं था। माधुरी की ये प्रतिक्रिया तब आई है, जब कुछ दिन पहले दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान की पूर्व असिस्टेंट रुबीना खान के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी प्रेग्नेंट थीं। रुबीना ने 'डोला रे डोला' गाने के बारे में बात करते हुए कहा था, 'इसमें एक स्टेप है जिसमें माधुरी मैम घूमकर बैठती हैं। वह शॉट सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक चलता रहा, क्योंकि वह चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। इसलिए वह ठीक से घूम नहीं पा रही थीं और उन्हें चक्कर आ रहे थे। उस समय उन्हें बुखार भी था।*

# 'धुरंधर में जो दिखाया गया है, वो सब सच है'



**मुंबई।** आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही चर्चाओं में है। जहां एक तरफ पहले पार्ट ने फैनबेस बनाया, वहीं दूसरी तरफ दूसरे पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े। इन सब के बीच फिल्म की स्टोरी के रियल होने पर कई लोगों ने सवाल खड़े किए। इसी बीच अब एक पाकिस्तानी पत्रकार का इस मामले पर बड़ा बयान सामने आया है। पाकिस्तानी पत्रकार आरिफ अजाकिया ने हाल ही में बॉलीवुड फिल्म धुरंधर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फिल्म में दिखाए गए ल्यारी और कराची के हालात को हकीकत के काफी करीब बताया है। दरअसल, रणवीर सिंह की यह फिल्म 2025 में रिलीज हुई थी और अब एक बार फिर चर्चा में है। फिल्म में कराची के लयारी इलाके में सक्रिय क्राइम और गैंगस्टर नेटवर्क को दिखाया गया है, जो असल घटनाओं से प्रेरित बताया जाता है। पत्रकार सौरभ द्विवेदी से बातचीत के दौरान आरिफ अजाकिया ने कहा कि उन्होंने खुद लयारी में रहकर वही सब देखा है, जो फिल्म में दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि वह जमशेद टाउन के मेयर भी रह चुके हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मैं लयारी में पैदा हुआ और वहीं पला-बढ़ा हूं, इसलिए फिल्म में जो दिखाया गया है, वो सब सच है।'इतना ही नहीं, आरिफ अजाकिया ने अपनी जड़ों को लेकर भी एक दिलचस्प बात कही। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता भारत के जूनागढ़, गुजरात से थे। उन्होंने कहा, 'मैं कराची में पैदा हुआ हूं, लेकिन खुद को भारतीय मूल का मानता हूं, पाकिस्तानी नहीं।'फिल्म धुरंधर में एक भारतीय एजेंट की कहानी दिखाई गई है, जो एक गुप्त मिशन पर होता है। इसमें आतंकवाद, खुफिया ऑपरेशन और बॉर्डर के बीच के तनाव जैसे मुद्दों को भी दिखाया गया है। फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी अहम किरदारों में हैं।

## 36 साल खुद को कमरे में रखा बंद, जिया सात्विक जीवन

# सुचित्रा : इंदिरा की कुर्सी के लिए बन गई थीं खतरा!

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में वैसे तो कई दमदार और उम्दा हीरोइनें रही हैं, जिन्होंने दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया और सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पर एक हीरोइन ऐसी रही, जिसे 'पर्दे की देवी' का दर्जा मिला हुआ था। इस एक्ट्रेस को महानायिका कहा जाता था। संजीव कुमार से लेकर धर्मेंद्र और उत्तम कुमार तक इस एक्ट्रेस के फैन थे। यह थीं सुचित्रा सेन, जिन्होंने दशकों तक फिल्मी पर्दे के साथ लोगों के दिलों पर राज किया और कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। पर सुचित्रा सेन की जिंदगी में कुछ ऐसा हुआ, जिसके कारण वह लोगों की नजरों से छुपने लगी थीं। हालात ऐसे हो गए थे कि उन्होंने 36 साल तक खुद को कमरे में बंद कर लिया। यहां तक कि जब सुचित्रा सेन को दादासाहेब फाल्के सम्मान दिया जाना था, तो वह उसे लेने के लिए भी बाहर नहीं निकली थीं। सुचित्रा सेन एक ऐसी एक्ट्रेस रहीं, जिन्होंने इंदिरा गांधी की कुर्सी के लिए भी खतरा पैदा कर दिया था या यूं कहें कि वह इंदिरा गांधी की कुर्सी के लिए खतरा बन गई थीं।*



### असली नाम और परिवार दंगे हुए तो भागना पड़ा

सुचित्रा सेन ब्रिटिश भारत के बंगाल के बेलकुची थाना स्थित भंगा बारी गांव में पैदा हुई थीं। वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं और असली नाम था रोमा दासगुप्ता। हालांकि, फिल्मों में आने के बाद रोमा फिर सुचित्रा सेन बन गई थीं। साल 1947 में जब भारत-पाकिस्तान का विभाजन हुआ, तो दंगे-फसाद होने लगे। उसमें पिता ने किसी तरह खुद की और परिवार की जान बचाई और बंगाल आकर बस गए। यहां आने के बाद पिता ने सुचित्रा सेन की शादी एक रईस बिजनेसमैन आदिनाथ सेन के बेटे दीबानाथ सेन से करवा दी। तब सुचित्रा सेन 16 साल की थीं।

### पिता ने 16 की उम्र में करवा दी शादी

सुचित्रा सेन की पढ़ाई बीच में छूट चुकी थी, पर उन्हें गाने और एक्टिंग का बहुत शौक था। ऐसे में पति और ससुर ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया। पति के सपोर्ट से सुचित्रा सेन ने साल 1952 में अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। शुरुआत बंगाली फिल्मों से की थी, और फिर धीरे-धीरे हिंदी फिल्मों में भी आ गईं। सुचित्रा सेन की पहली फिल्म 'शेष कोथाय' थी, जो एक बंगाली फिल्म थी, पर कभी रिलीज नहीं हो सकी।

### सुचित्रा सेन की हिट फिल्में

देवदास, मुसाफिर, बंबई का बाबू, ममता, सरहद, आंधी, शारे चोतोर, सप्तपदी. सात पाके बाधा, दीप ज्वेले जय, अग्निपरीक्षा, उत्तर फाल्गुनी।

### अवॉर्ड और सम्मान

सुचित्रा सेन इंटरनेशनल अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस हैं और उन्हें सिल्वर प्राइज मिला था। मॉस्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सुचित्रा को सात पाके बॉधा के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

### 1953 से मिला स्टारडम उत्तम कुमार संग 30 फिल्में

फिर साल 1953 में सुचित्रा ने 'शारे चोतोर' में काम किया, जो सुपरहिट रही। इसमें सुचित्रा सेन की उत्तम कुमार के साथ जोड़ी थी। देखते ही देखते सुचित्रा सेन और उत्तम कुमार की जोड़ी हिट हो गई। करीब दो दशक तक उन्होंने लगभग हर फिल्म में साथ काम किया और वो हिट रहीं। सुचित्रा सेन ने अपने कॅरियर में 60 फिल्में कीं, जिनमें से 30 में वह उत्तम कुमार के साथ नजर आईं।

### इंदिरा गांधी ने बैन करवा दी आंधी

साल 1955 में सुचित्रा सेन ने फिल्म देवदाससे बॉलीवुड में कदम रखे। इसमें दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला भी थीं। फिल्म सुपरहिट रही। फिर तो 60 से लेकर 70 के दशक तक सुचित्रा सेन का ही जलवा रहा। हालांकि, साल 1974 में आई फिल्म 'आंधी' ने एक विवाद खड़ा कर दिया। इस फिल्म में सुचित्रा सेन ने आरती देवी नाम का किरदार निभाया था। कहा गया है कि यह किरदार तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से प्रेरित है और कांग्रेस पार्टी की छवि भी खराब कर सकता है। जबकि यह किरदार उनसे प्रेरित नहीं था। पर इंदिरा गांधी ने 'आंधी' की रिलीज रुकवा दी। फिर साल 1975 में जब इमरजेंसी लगी, तो 'आंधी' को इंदिरा गांधी ने बैन करवा दिया। इसके बाद तो हर तरफ 'आंधी' की ही चर्चा होने लगी। हालांकि, साल 1977 में जब कांग्रेस पार्टी हार गई और जनता पार्टी सत्ता में आई तो 'आंधी' को टीवी पर प्रीमियर किया था। तब इस फिल्म की हर किसी ने तारीफ की।

## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई पुसौर में प्रवेश शुरू

**रायगढ़।** जिले के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई पुसौर में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्था में व्यवसाय कोपा, विद्युतकार, फिटर, वेल्डर फैब्रिकेशन एंड फिटिंग, मैकेनिक डीजल एवं वेल्डर जैसे रोजगारपरक ट्रेडों में प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। साथ ही आवेदक की आयु कम से कम 14 वर्ष होना अनिवार्य है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### शिक्षा महाकुंभ में शामिल होंगी सरायपाली विधायक

**कटेली।** चौहान समाज बरमकेला द्वारा आगामी 7 जून को बरमकेला में आयोजित होने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में समाज के पदाधिकारियों ने सरायपाली विधायक चातुरी नन्द से सौजन्य भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा। चौहान समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज के युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और बेहतर भविष्य की दिशा दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बनने जा रहा है। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा तथा करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। आमंत्रण सौंपने के दौरान विषिकेशन चौहान ब्लॉक अध्यक्ष, चौहान समाज, गोपाल बाघे कार्यकारी जिलाध्यक्ष, चौहान समाज, संकीर्तन नन्द ब्लॉक सचिव एवं देवराज दीपक उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने विधायक चातुरी नन्द से कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया, जिस पर विधायक ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति व्यक्त की। चौहान समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

### 7 से 19 जून तक रद्द की गई सभी ट्रेनें रिस्टोर

**रायगढ़।** बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन के चांपा स्टेशन में चौथी रेल लाइन को जोड़ने हेतु 07 जून से 19 जून, तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य प्रस्तावित था। जिसे अब आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में इस कार्य के कारण पूर्व में 07 जून से 19 जून के मध्य रद्द की गई सभी यात्री एवं एक्सप्रेस गाड़ियां रिस्टोर कर दिया गया है। यानी पूर्व में रद्द की गई यह सभी ट्रेनें अब अपने निर्धारित मार्ग, समय एवं तिथियों पर सामान्य रूप से संचालित होंगी। बता दें कि पूर्व में इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रायगढ़ रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली करीब तीन दर्जन गाड़ियों को रद्द कर दिया गया था। जिसमें पैसेंजर से लेकर एक्सप्रेस व सुपरफास्ट भी शामिल थे।

### 2 आरोपियों से 40 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ व खरसिया पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए 40 लीटर अवैध शराब जब्त करते हुए 2 कोचियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ पुलिस ने दुर्गापुर निवासी अनिल कुमार शर्मा के घर की बाड़ी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। आरोपी बाड़ी में शराब छिपा कर बेच रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी अनिल कुमार शर्मा पिता कैलाश शर्मा 21 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से कुल 25 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। वहीं दूसरी कार्रवाई खरसिया पुलिस ने मालधक्का रोड में की है। यहां एक व्यक्ति को अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

उद्योग उन्मुख शिक्षा श्रेणी में सम्मानित किया गया

# जिंदल विवि को मिला स्किल-बेस्ड एंड इंडस्ट्री-ड्रिवन एजुकेशन सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कौशल आधारित शिक्षा, उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचारपूर्ण पहलों के दम पर ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। प्रतिष्ठित इंडियनप्रेन्योर ईडीएक्स अवॉर्ड्स 2026 में विश्वविद्यालय को वर्ष 2026 का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय कौशल आधारित एवं उद्योग उन्मुख शिक्षा श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि 30 मई को कोलकाता में आयोजित समारोह के दौरान प्राप्त हुई, जहाँ देशभर के शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों की प्रभावशाली उपस्थिति रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने यह सम्मान ग्रहण कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

यह गौरवपूर्ण सम्मान ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की कौशल-



आधारित शिक्षा, उच्चस्तरीय अकादमिक गुणवत्ता और नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियों की उत्कृष्ट पहचान है। साथ ही, यह राष्ट्र निर्माण के प्रति विश्वविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शी सोच को भी उजागर करता है। वर्षों से गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, "यह सम्मान हमारे पूरे विश्वविद्यालय परिवार की निष्ठा, समर्पण और अथक प्रयासों का प्रतिफल है। यह उपलब्धि हमें शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करने और उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने आगे बताया कि ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक, उद्योग-संलग्न और भविष्य-उन्मुख कौशलों से सशक्त बनाने पर विशेष बल देता है।

**ईडीएक्स अवॉर्ड्स 2026 एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच है**

उद्योगों के साथ साझेदारी, लाइव प्रोजेक्ट्स, अनुसंधान-आधारित नवाचार और फील्ड एक्सपोजर जैसे प्रयासों के माध्यम से छात्रों को वास्तविक दुनिया से जोड़कर उन्हें आने वाली चुनौतियों के लिए सक्षम और आत्मविश्वासी बनाया जा रहा है। ईडीएक्स अवॉर्ड्स 2026 एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच है, जिसे इंडियनप्रेन्योर द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, गुणवत्ता-संचालित पहल और दूरदर्शी नेतृत्व को पहचान देना एवं प्रोत्साहित करना है। यह मंच उन संस्थानों और शिक्षाविदों को सम्मानित करता है, जो आधुनिक शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ते हुए भविष्य-उन्मुख शिक्षण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# धौराभांठा शिविर में ग्रामीणों ने उठाया विभागीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत तमनार विकासखंड के ग्राम धौराभांठा में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान कुल 1267 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर लोगों को तत्काल राहत प्रदान की गई।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, जनपद पंचायत तमनार के अध्यक्ष जागेश्वर सिदारए जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा एवं बंशीधर चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर में कृषि, मछली पालन, समाज कल्याण, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित समूह एवं व्यक्तिगत लाभकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं



लाभ वितरित किए गए। विभागीय स्टॉलों पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया गया। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा

- 18 गांवों के लोग शिविर में हुए शामिल, 1267 आवेदन प्राप्त
- हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत किया गया सामग्री का वितरण

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गयाए जहां ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उनके गांव के निकट ही प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त कर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव गांव तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैंए जिससे समय और संसाधनों की बचत के साथ लोगों को तत्काल राहत मिल रही है। श्री राठिया ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह करते हुए कहा कि किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोडम का किया निरीक्षण

**कटेली।** नव पदस्थ सीएमएचओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने पदभार ग्रहण करते ही मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। इसी कड़ी में उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी गोडम का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. वैष्णव ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, दवा भंडारण और स्वच्छता व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित डॉक्टरों और स्टाफ को मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के निर्देश



दिए। डॉ. वैष्णव ने स्पष्ट किया कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोडम में आयोजित सेक्टर बैठक में भी शामिल हुए। बैठक में उन्होंने एएनएम, मितानिन और अन्य जमीनी स्वास्थ्य कर्मियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और मौसमी बीमारियों की रोकथाम को पूरी गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदानी कर्मचारी ही विभाग की रीढ़ हैं, इसलिए वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। समीक्षा बैठक के दौरान बीएमओ डॉ. आरएल सिदार और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर बीपीएम नंदलाल इजारदार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**राधा कृष्ण धर्मादा ट्रस्ट ने दिया आमंत्रण सीएम ने किया स्वीकार**

# नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण करेंगे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ट्रस्ट संरक्षकत्रश्री दिलेश्वर राठौर, डोरी लाल राठौर, सुधीर महंत, सचिव खिलावन राठौर, सह सचिव राजेश्वर राठौर अन्य राजू जय प्रकाश राठौर, श्यामू राठौर, मुरारी राठौर, कमलेश साहू, किशोर राठौर साथ में खरसिया छाया विधायक महेश साहू खरसिया राधा कृष्ण मंदिर धर्मदा ट्रस्ट के तत्वाधान में खरसिया नगर में नवनिर्मित भव्य एवं दिव्य राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण तथा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आगामी 16 जुलाई को अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में संपन्न होने जा रहा है।

इस ऐतिहासिक और गौरवशाली धार्मिक उत्सव में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य



अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राधा कृष्ण धर्मादा ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के सुख समृद्धि और सनातन संस्कृति संवर्धन के उद्देश्य से इस मंदिर का निर्माण कराया गया है स 16 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार विधि विधान और महायज्ञ के साथ भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कर कमलों द्वारा मंदिर का लोकार्पण संपन्न होगा।

**अंचल में उत्साह जुटेंगे हजारों श्रद्धालु भक्तगण**

खरसिया अंचल में इस 'नवनिर्मित मंदिर और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगमन को लेकर श्रद्धालु भक्तों तथा स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा आयोजन को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर शुरू कर दी गई है समारोह में प्रदेश के कई वरिष्ठ राजनेता, प्रतिष्ठित साधु संत और सामाजिक संगठन भी गवाह बनेंगे। राधा कृष्ण धर्मादा ट्रस्ट ने खरसिया सहित पूरे रायगढ़ जिले और आसपास के अंचल के समस्त धर्म प्रेमी भाई बहनों माताओं और श्रद्धालु भक्तों से अपील किया है कि वे 16 जुलाई को आयोजित इस महा उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भगवान राधा कृष्ण का आशीर्वाद ग्रहण करें और इस पावन पुनीत कार्य के साक्षी बने।

# 121 मरीजों की आंखों का निःशुल्क उपचार

**रायगढ़।** जहाँ करुणा बहती है वहाँ अँधेरा ठहर नहीं पाता इसी सूत्र को अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट, बनोरा की औघड़ की मड़ई जिगना शाखा सार्थक कर रही है। यह शाखा निःशुल्क नेत्र शिविरों के जरिए लोगों का जीवन रोशन कर रही है। अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के अंतर्गत संचालित अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केंद्र, औघड़ की मड़ई जिगना में शनिवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में सेवा का नया अध्याय लिखा गया।

शिविर का लेखा.जोखा सहित सेवा की साहित्यिक बही रखने वाले प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. संदीप शर्मा द्वारा कुल 121 मरीजों' की



नेत्र जाँच की गई। 84 मरीजों को तत्काल निःशुल्क चश्मा वितरित कर उनकी दृष्टि का संसार रोशन किया गया। 48 मरीजों को नेत्र सम्बन्धित ड्रॉप प्रदान किया गया। 5 मरीजों में मोतियाबिंद के प्रारंभिक लक्षण मिले, जिन्हें चिकित्सकों ने स्नेहपूर्वक उचित परामर्श देकर मार्गदर्शन किया। 31 मरीजों के चश्मों का नंबर प्रधान कार्यालय अघोर गुरुपीठ ब्रह्मनिष्ठालय, बनोरा में निर्माण हेतु भेजा गया। जिनका वितरण आगामी नेत्र शिविर में किया जाएगा। संस्था द्वारा प्रत्येक माह की 10, 20 और 30 तारीख को औघड़ की मड़ई जिगना में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता हैएताकि कोई भी दृष्टिहीनता के अँधेरे में न भटके।

## कोटवार हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** गोरखपाली चर्चित कोटवार हत्या कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में एक आरोपी और दो नाबालिग को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गौरतलब है कि ग्राम गोरखापाली में 4 मार्च की सुबह डबरी तालाब के पास आनंद राम कुर्रे और कोटवार रथ राम गोंड खडे थे। इसी दौरान सुकदेव कुर्रे एवं 2 विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा हाथ में लकड़ी का बल्ली, कांड. लेकर आए और पुरानी रंजिश की बात को लेकर आनंद राम कुर्रे के साथ मिलकर कोटवार रथराम गोंड़ को गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लकड़ी का बल्ली और कांड से हमला करते हुए कोटवार की हत्या कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में आरोपी आनंद राम कुर्रे को 8 मार्च को मालखरौदा से गिरफ्तार किया गया। वहीं वारदात में शामिल 2 विधि से संघर्षरत बालकों को भी पकड़कर 9 मई को पकड़ा गया। मामले में एक आरोपी सुकदेव कुर्रे फरार हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार करने एसपी ने सख्त निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में आरोपी की सतत पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 30 मई को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सुकदेव कुर्रे को ग्राम गोरखापाली में आया है।

# स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर ओपी ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ओपी चौधरी ने कहा जयोस्तुते हे उषे, प्रभात-किरण-भूषिते, स्वतंत्रते भगवती, त्वामहं यशोयुतां वन्दे! यह मात्र गीत नहीं, सावरकर की आत्मा की पुकार थी। उन्होंने स्वतंत्रता को देवत्व का दर्जा दिया।

वीर सावरकर को क्रांतिकारी, विचारक और समाज सुधारक बताते हुए ओपी चौधरी ने कहा वे अदम्य क्रांतिकारी थे। जिस आयु में युवा अपना भविष्य संवारते हैं, उस आयु में सावरकर ने अभिनव भारत के माध्यम से अंग्रेजी साम्राज्य को चुनौती दी। काला पानी की



अमानवीय यातनाएं भी उनकी राष्ट्रभक्ति को डिगा नहीं सकीं। 11 साल सेल्युलर जेल में कोल्हू चलाते हुए भी वे मेरा आजीवन कारावासष लिख रहे थे। वीर सावरकर की दूरदर्शी विचारक निरूपित करते हुए श्री चौधरी ने कहा 1857 को गदर नहीं, ष्प्रथम स्वातंत्र्य समर कहा था। हिंदुत्व की परिभाषा गढ़ते हुए भारत की सांस्कृतिक एकता का सूत्र दिया। वीर सावरकर का स्पष्ट मत रहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए राष्ट्र भक्ति अनिवार्य है। आज भारत में राष्ट्र भक्ति का चिंतन उनके विचारों का ही प्रतिफल है।

# आकाशवाणी के वॉकेथॉन में उमड़ी भीड़ जोश और जुनून का दिखा अनोखा संगम

**रायगढ़।** आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायगढ़ में आयोजित वॉकेथॉन रैली में उत्साह और ऊर्जा का शानदार माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में शहर के बच्चे, युवा, बुजुर्ग और बड़ी संख्या में रेडियो श्रोताओं ने हिस्सा लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

चेहरे पर उत्साह, उमंग और आकाशवाणी अमरवाणी के नारे के साथ लोग कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते नजर आए। पूरे आयोजन में जोश, जुनून और एकजुटता का सुंदर संगम दिखाई दिया। आकाशवाणी के 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को समर्पित इस आयोजन का मुख्य ध्येय रेडियो की समृद्ध परंपरा, समाज से उसके गहरे जुड़ाव और जनसंचार में उसकी अहम भूमिका को रेखांकित करना



रहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने आकाशवाणी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बदलते दौर में भी रेडियो आज लोगों के दिलों से जुड़ा हुआ है और इसकी अपनी एक अलग पहचान बनी हुई है। रविवार को सुबह 7 बजे आकाशवाणी रायगढ़ परिसर से वाकेथॉन रैली निकली और डिग्री कॉलेज चौक से रोज गार्डन होते हुए परिसर में ही आकर समाप्त हुई। आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली, सामाजिक जागरूकता एवं जनसंपर्क को बढ़ावा देना था। इस संबंध में आकाशवाणी रायगढ़ के कार्यक्रम प्रमुख रवि आनंद ने बताया कि कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई। इसमें मुख्य रुप से आकाशवाणी के पूर्व और वर्तमान अधिकारी कर्मचारी, विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े एनाउंसर, कंपीयर, वार्ताकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली के बाद आकाशवाणी परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर चर्चा परिचर्चा हुई। आकाशवाणी एट 90 कार्यक्रम बीते जून 2025 से शुरु हुआ था जो अब जाकर उसका सफर पूरा हुआ है।

**35 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच**

रैली में विशेष यह रहा कि करीब 35 लोगों ने अपनी सेहत की जांच कराई। 25 से अधिक लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया है। इसमें सीबीसी से लेकर थायराइड तक की जांच शामिल है। जांच कराने वालों को रिपोर्ट उनके मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। अधिकांश लोगों को मौके पर ही अलग अलग बीमारी के लिए दवा भी दी गई। कुल मिलाकर रैली के साथ ही साथ आकाशवाणी परिसर में लगे स्वास्थ्य शिविर ने भी इस कार्यक्रम को सहयोग प्रदान किया।

# भाजयुमों और संगठन पदाधिकारियों की बैठक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय

**पुसौर।** पुसौर भाजपा मंडल में यहां के युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकताओं का बैठक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यतः केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की चर्चा हुई वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के लिये बूथ लेबल पर व्यवस्था करने पर जोर डाला गया।

ज्ञात हो कि उक्त संयुक्त बैठक परिणाम दायक रहा चूंकि इसमें जनता से सीधे चुने हुए जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष ब्रजेशे गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व उपाध्यक्ष अभिमन्यु साहू आदि रहे। संगठन में अविनाश गुप्ता अध्यक्ष भाजयुमो मण्डल पुसौर जिला महामंत्री उमाशंकर शर्मा,



मनोरंजन साहू पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष, शशांक पाण्डेय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो छत्तीसगढ़, रजत गुप्ता जिला मंत्री, आदरणीय अंकित शर्मा जिला मंत्री प्रशांत सिंह उपाध्यक्ष भाजयुमो ओंकार तिवारी मंत्री भाजयुमो आकाश शर्मा प्रवक्ता भाजयुमो डिग्री लाल पाईंक महामंत्री विजय गुप्ता, महामंत्री दीपेंद्र प्रधान, मधुसूदन सा शिक्षित चौहान जिसमें एक उत्साह का संचार हुआ है जो संगठन को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो सकेगा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त